भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 794**
**24 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए**

## आईआईएससीओ इस्पात संयंत्र, बर्नपुर का विस्तार एवं आधुनिकीकरण

794 **श्री बिस्वजीत सिन्हा (राहुल सिन्हा):**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आईआईएससीओ इस्पात संयंत्र, बर्नपुर की ₹45,810.92 करोड़ की विस्तार एवं आधुनिकीकरण परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है, जिसमें एल एंड टी को प्रदान किए गए ईपीसीसी अनुबंध तथा डेनियेली कोरस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को प्रदान किए गए ब्लास्ट फर्नेस पैकेज की प्रगति शामिल है तथा संयंत्र के चालू किए जाने की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या यह परियोजना अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाने की तिथि से निर्धारित 41 माह की समय-सीमा के भीतर पूर्ण होने की दिशा में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है, यदि इसमें कोई विलंब हुआ है, तो उसके कारण तथा संशोधित समय-सीमा क्या है; और

(ग) इस विस्तार परियोजना के माध्यम से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से कितना रोजगार सृजित होने का अनुमान है तथा आसनसोल-दुर्गापुर क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को भर्ती में प्राथमिकता सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने दिनांक 08.01.2024 को इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी), बर्नपुर की क्रूड स्टील उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 4.08 एमटीपीए तक करने का अनुमोदन दिया जिसका कार्यान्वयन 42 महीनों की समयसीमा में किया जाना है। सभी 14 प्रमुख पैकेजों के लिए ऑर्डर दिए जा चुके हैं, और इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन और कमीशनिंग (ईपीसीसी) संविदा और ब्लास्ट फर्नेस पैकेज सहित परियोजना निर्धारित समय के अनुसार प्रगति पर है। इस परियोजना में निर्माण और प्रचालन चरणों के दौरान उल्लेखनीय प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने की क्षमता है।

*****